# यूपी में निवेशकों और उनकी पूंजी की सुरक्षा की पूरी गारंटी : योगी

## सीएम योगी ने किया गीडा के 35वें स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सुरक्षा का बेहतरीन माहौल देकर निवेश प्राप्त करने वाला देश का अग्रणी राज्य बन गया है। यहां निवेशकों और उनकी पूंजी की सुरक्षा की गारंटी है। इसीलिए उत्तर प्रदेश देश में निवेश का बेहतरीन डेस्टिनेशन बन चुका है। माफिया, गुंडाराज और भ्रष्टाचार पर किए गए प्रहार का ही परिणाम है कि आज यहां खूब निवेश आ रहा है। इससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं।

सीएम योगी शनिवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के 35वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने गीडा के विभिन्न सेक्टरों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए 209 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। 1068 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के लिए आवंटित 85 भूखंडों में से पांच निवेशकों को अपने हाथों से आवंटन प्रमाणपत्र सौंपा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में उद्योग अब नोएडा और ग्रेटर नोएडा तक ही सीमित नहीं रह गए, बल्कि हर जिले में लग रहे हैं। झांसी-बुंदेलखंड में नोएडा की तर्ज पर 36 हजार एकड़ में इंडस्ट्रियल टाउनशिप बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे दिन लद गए, जब यूपी का नौजवान नौकरी के लिए दूसरे प्रदेश या दूसरे देश जाता था। अब उसके सामने पहचान का कोई संकट नहीं है, उसे घर के समीप ही रोजगार और नौकरी मिल रही है। सीएम ने कहा कि पहले की सरकारें उद्यमियों को निवेश के लिए कोई इंसेंटिव नहीं देती थीं। वर्तमान सरकार बिना किसी बाधा, हस्तक्षेप या बिना किसी सिफारिश के इंसेंटिव दे रही है।



गीडा के स्थापना दिवस के अवसर पर आवेदकों को भूमि का आवंटन प्रमाण पत्र प्रदान करते सीएम योगी आदित्यनाथ साथ में औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता उर्फ नन्दी,मेयर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव व अन्य।

**बोले- माफिया-गुंडाराज पर किया प्रहार तो खूब आ रहा निवेश, बढ़ा रोजगार**

### प्रदेश में 1.39 लाख करोड़ से बनेंगे नए हाईवे



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 1.39 लाख करोड़ रुपये की लागत से नए हाईवे बनेंगे। इसके लिए शीघ्र ही विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार होगी। साथ ही महाकुंभ से संबंधित राष्ट्रीय राजमार्ग, बाईपास, इनर रिंग रोड और पुल निर्माण के काम भी 25 दिसंबर तक पूरे करने होंगे। ये निर्देश सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में दिए गए। >> पेज 07

### निवेशक तो आ रहे हैं, अब निर्यातक खोजने की भी जरूरत

गोरखपुर। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षा के बेहतरीन माहौल, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (कारोबारी सुगमता), शानदार रोड, रेल और एयर कनेक्टिविटी और उद्योगों की मांग के अनुरूप सुदृढ़ लैंड बैंक के चलते आज प्रदेश को 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इतने बड़े पैमाने पर निवेश के धरातल पर उतरने का मतलब है डेढ़ करोड़ नौजवानों को रोजगार की गारंटी। अब जरूरत है उत्पादों को यहां से बाहर भेजने के लिए एक्सपोर्टर तलाशने की। >> संबंधित खबर पेज 02 पर